कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल

क्रमांकः–3812.............एमसी / 5 / 2019 भोपाल,दिनांकः–...13.. / 02 / 2019

/ / रिक्त पद हेतु विज्ञापन / /

–––000–––

गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में डायलिसिस यूनिट के अंतर्गत रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है आवेदन पत्र विज्ञापन जारी होने की दिनांक से 10 दिवस के अंदर कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से अन्तिम तिथि 22.02.2019 तक शाम 5.00 तक ही आवक शाखा में स्वीकार किये जावेगे। अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र, कटे छटे एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेंगा। पात्र उम्मीदवारों की सूची महाविद्यालय के वेबसाइट पर दिनांक 23.02.2019 को प्रदर्शित की जाएगी।

पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार हेतु दिनांक 25.02.2019 प्रातः 10.30 बजे से गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के सभागृह में निर्धारित है।

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है–

क्रं.	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या	रिक्त पदों पर आरक्षण				वेतनमान	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
			UR	SC	ST	OBC		
1	डायलिसिस सोशल वर्कर	03	02	00	01	0	5200–20200+ 2800 ग्रेड पे	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र / मेडिकल सोशल वर्कर की स्नातकोत्तर उपाधि अथवा एम.एस.डब्ल्यू उपाधि।
2	डायलिसिस टेक्नीशियन	04	02	01	01	00	5200–20200+ 2400 ग्रेड पे	1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण। 2. मान्यता प्राप्त संस्था से डायलेसिस टेक्नीशियन का डिप्लोमा। 3. म.प्र.सह चिकित्सीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र। 4. 500 बिस्तर के शासकीय/स्वशासी चिकित्सालय में 01 वर्ष के अनुभव को प्राथमिकता।
3	डायलिसिस अटेन्डेन्ट	06	03	01	01	01	4440–7440+ 1300 ग्रेड पे	बायोलॉजी, फिजिक्स, केमेस्ट्री विषयों के साथ 10+2 शिक्षा पद्धति में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।

उपरोक्त पदों हेतु आवेदक को निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करना होगा।

1. दिनांक 01.01.2019 को सभी पदो के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो।
2. अधिकतम आयु अनारक्षित प्रवर्ग के पुरूष वर्ग के लिए 40 वर्ष होगी।
3. आरक्षित अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिला अभ्यार्थी के लिए आयु सीमा 45 वर्ष होगी। आयु की गणना भरती के चालू वर्ष की 1 जनवरी की स्थिति में की जावेंगी।
4. आरक्षित प्रवर्ग की परित्यक्ता तथा तलाकशुदा महिलाओं के लिए 55 वर्ष (5 वर्ष की छूट सहित)
5. चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जावेगा।
6. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र,मूल निवासी प्रमाण–पत्र (सक्षम अधिकारी के द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर दिया हो)की सत्यापित प्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न की जावे।साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण–पत्रों की प्रति दिखाना अनिवार्य होगा।
7. शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / कार्यालयों में कार्यरत आवेदनकर्ता को आवेदन पत्र उचित माध्यम से भेजना होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ आवेदक का अभिप्रमाणित फोटो चस्पा किया जाना आवश्यक है।
9. नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है तथा नियुक्ति एक वर्ष की परीवीक्षा पर की जावेगी परीवीक्षा अवधि समाप्ति का आधार एक वर्ष के कार्य का मूल्यांकन होगा।
10. चयनित उम्मीदवारों को जो नियुक्ति प्रदान की जावेंगी वह स्वशासी संस्था के अंतर्गत की जावेंगी।
11. चयनित उम्मीदवारों पर स्वशासी संस्था के आदर्श भर्ती नियम 2018 लागू होगे।
12. आवेदक संलग्न आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन करें।
13. चयन / नियुक्ति के संबंध में अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा किया गया निर्णय अन्तिम होगा।
14. आवेदक को म0प्र0 का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
15. म.प्र.शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में स्थाई जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
16. उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक 25.02.2019 प्रातः 10.30 बजे से गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के सभागृह में होगा। साक्षात्कार हेतु अलग से किसी भी प्रकार सूचना जारी नहीं की जावेंगी।
17. विशेष परिस्थिति साक्षात्कार तिथि या अन्य कोई परिस्थिति निर्मित होने पर परिवर्तन किया जाता है तो सूचना चिकित्सा महाविद्यालय की बेवसाइट www.gmcbhopal.net में प्रकाशित की जावेंगी।

AKumar 13/2/19

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल

//आवेदन का प्रारूप//

फोटो
स्व प्रमाणित

प्रति,

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल

1. आवेदित पद का नाम ....
2. आवेदक का पूरा नाम ....
3. पिता/पति का पूरा नाम ....
4. पता (वर्तमान) ....
   ....पिन..............
   दूरभाष/मोबाईल नं. ....
5. पता (स्थायी) ....
   ....पिन..............
   दूरभाष/मोबाईल नं. ....
6. जन्मतिथि अंकों में ....
7. जन्मतिथि शब्दों में (अ)..................वर्ष ....माह..................दिन..............
   (ब) 01.01.2019 को आयु..............................
8. जाति..............................उपजाति..............................
   (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण–पत्र (स्थाई जाति प्रमाण–पत्र) सत्यापित संलग्न करना अनिवार्य है। म0प्र0 मूल निवासी प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।)
9. वैवाहिक स्थिति विवाहित/अविवाहित
10. शैक्षणिक योग्यता ....

क्रं.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	विषय	बोर्ड/वि.वि.नाम	परीक्षा उत्तीर्ण का वर्ष	प्राप्तांक	प्रतिशत

11. विशेष तकनीकी योग्यता अनुभव ....
12. अन्य योग्यता एवं अनुभव ....
13. संलग्न प्रमाण–पत्रों की सूची ....

दिनांक–

स्थान–

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा नाम

//शपथ–पत्र//

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी, विवरण पूर्णतः सत्य है एवं जानकारी के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी एवं जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए विभाग को पूर्ण अधिकार होगा।

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा नाम